# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 3-8-24 | 2 | 7-8 |

**The Tribune**



## TRAINING WORKSHOP AT AGRI VARSITY

Hisar: A seven-day farmers' training programme on 'Planned Agriculture Development Centre' was organised by the Horticulture Department at Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University. The training programme was funded by the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Government of India and sponsored by NCPAH. Director of Research SK Pahuja said 30 farmers, including women farmers participated in the training, organised to give the latest technical information related to the agriculture sector to the farmers. During the training, farmers were trained on latest topics such as automation systems, use of drones in agriculture, drip irrigation, vertical farming, digital agriculture, production of fruits and vegetables in poly house, their post-harvest management, aquaponics and vegetable grafting. The participants were provided certificates and horticulture equipment kits after the programme.

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 3.8.24 | 9 | 4-8 |


## एचएयू में एड्स नियंत्रण को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# एड्स के प्रति समाज को जागरूक करने की आवश्यकता

- कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के एनएसएस प्रोग्राम कोर्डिनेटर एवं एनएसएस अधिकारियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एचआईवी एड्स को लेकर एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना व हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के एनएसएस प्रोग्राम कोर्डिनेटर एवं एनएसएस अधिकारियों ने भाग लिया।



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे जबकि राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. काम्बोज ने कहा कि एड्स के प्रति स्वयं को जागरूक होने के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। एड्स एक लाइलाज बीमारी है और जागरूकता ही इसका इलाज है। उन्होंने कहा कि देश को वर्ष 2030 तक एचआईवी एड्स से मुक्त करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### हरियाणा में 56 हजार से अधिक लोग एचआईवी संक्रमित

उन्होंने बताया कि इस बीमारी की स्थिती कितनी भयावह है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विश्व में लगभग चार करोड़ लोग एचआईवी से संक्रमित है। भारत में 25 लाख से अधिक लोग एचआईवी एड्स से संक्रमित है। हरियाणा में 56 हजार से अधिक लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर एचआईवी एड्स की जागरूकता बढ़ाने के लिए सामुहिक प्रयासों की आवश्यकता है ताकि इस बीमारी से जुड़ी भ्रान्तियों को दूर करके संक्रमण की दर को कम किया जा सके।

### राष्ट्र के नवनिर्माण में एनएसएस का अहम योगदान

राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में एनएसएस का अहम योगदान है। एनएसएस लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की उप निदेशक डॉ. उजिता बाल्यान ने एचआईवी एड्स को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे : डॉ. खीचड़

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि एनएसएस द्वारा एचआईवी एड्स के नियंत्रण को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी जनों का धन्यवाद किया। मंच का संचालन डॉ. चन्द्रशेखर डागर ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 3.8.24 | 4 | 6-7 |

## एड्स के प्रति स्वयं जागरूक होने के साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करें : वीसी



भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एचआईवी एड्स को लेकर एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना व हकृवि द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि रहे, जबकि राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि एड्स के प्रति स्वयं को जागरूक होने के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। जागरूकता ही इसका इलाज है। उन्होंने कहा कि देश को वर्ष 2030 तक एचआईवी एड्स से मुक्त करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 3.8.24 | 4 | 7-8 |

# हकृवि में एड्स नियंत्रण को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

## हरियाणा में 56 हजार से ज्यादा एड्स पीड़ित

हिसार, 2 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एच.आई.वी. एड्स को लेकर एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के एनएसएस प्रोग्राम कोर्डिनेटर एवं एन.एस.एस. अधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि देश को वर्ष 2030 तक एच.आई.वी. एड्स से मुक्त करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी की स्थिति कितनी भयावह है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विश्व में लगभग चार करोड़ लोग एच.आई.वी. से संक्रमित है। भारत में 25 लाख से अधिक लोग एच.आई.वी. एड्स से संक्रमित है। हरियाणा में 56 हजार से अधिक लोग एच.आई.वी. के साथ जी रहे हैं।

राज्य एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि एन.एस.एस. लोगों को एच.आई.वी. एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष भूमिका निभा रहा है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदल लाल खीचड़ ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि एन.एस.एस. द्वारा एच.आई.वी. एड्स के नियंत्रण को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि इस बीमारी पर काबू पाया जा सके।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 3.8.24 | 5 | 5-6 |

# एड्स के प्रति स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी जागरूक करने की आवश्यकता : प्रो. काम्बोज



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ एनएसएस के कोर्डिनेटर व अधिकारी।

हिसार, 2 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एचआईवी एड्स को लेकर एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना व हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के एनएसएस प्रोग्राम कोर्डिनेटर एवं एनएसएस अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे जबकि राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि एड्स के प्रति स्वयं की जागरूक होने के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। एड्स एक लाइलाज बीमारी है और जागरूकता ही इसका इलाज है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी की स्थिती कितनी भयावह है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि विश्व में लगभग चार करोड़ लोग एचआईवी से संक्रमित है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर एचआईवी एड्स की जागरूकता बढ़ाने के लिए सामुहिक प्रयासों की आवश्यकता है ताकि इस बीमारी से जुड़ी भ्राङ्क्षतयों को दूर करके संक्रमण की दर को कम किया जा सके। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण में एनएसएस का अह्म योगदान है। हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की उप निदेशक डॉ. उजिता बाल्यान ने एचआईवी एड्स को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदल लाल खीचड़ ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि एनएसएस द्वारा एचआईवी एड्स के नियंत्रण को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि इस बीमारी पर काबू पाया जा सके। राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी जनों का धन्यवाद किया। मंच का संचालन डॉ. चन्द्रशेखर डागर ने किया। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक एवं ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा सहित एनएसएस से जुड़े अधिकारी डॉ. मोना वर्मा, डॉ. विपिन्न आदि उपस्थित रहे।

## एचएयू में एड्स नियंत्रण को लेकर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 3.8.24 | 4 | 1-3 |

# चिंतनीयः हरियाणा में 56 हजार से अधिक लोग एचआईवी से पीड़ित

बढ़ते जा रहे आंकड़ें को रोकने के लिए जागरूकता जरूरी

सच कहूँ/संदीप सिंहमार

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एचआईवी एड्स को लेकर एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना व हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के एनएसएस प्रोग्राम कोर्डिनेटर एवं एनएसएस अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे जबकि राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि एड्स के प्रति स्वयं को जागरूक होने के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है।

काम्बोज ने कहा कि विश्व में लगभग चार करोड़ लोग एचआईवी से संक्रमित है। भारत में 25 लाख से अधिक लोग एचआईवी एड्स से संक्रमित है। हरियाणा में 56 हजार से अधिक लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर एचआईवी एड्स की जागरूकता बढ़ाने के लिए सामुहिक प्रयासों की आवश्यकता है ताकि इस बीमारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करके संक्रमण की दर को कम किया जा सके।

## ऐसे फैलता है एचआईवी

हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की उप निदेशक डॉ. उजिता बाल्यान ने एचआईवी एड्स को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एड्स बिना जांच किए ब्लड ट्रांसफर, नशीली दवाओं का सेवन, एचआईवी संक्रमित सिरिंज या सूई का दूसरे के द्वारा प्रयोग, एक से अधिक लोगों से अनैतिक संबंध रखने से फैलता है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदल लाल खीचड़ ने कहा कि एनएसएस द्वारा एचआईवी एड्स के नियंत्रण को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि इस बीमारी पर काबू पाया जा सकें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 7.8.24 | 2 | 3 |

# एड्स के प्रति समाज के को जागरूक करने की आवश्यकता : कुलपति

जासं • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एचआइवी एड्स को लेकर एक दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्यातिथि व राज्य एनएसएस अधिकारी डा. दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

कुलपति ने कहा कि एड्स के प्रति स्वयं को जागरूक होने के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है।

राज्य एनएसएस अधिकारी डा. दिनेश कुमार ने कहा कि एनएसएस लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की उप निदेशक डा. उजिता बाल्यान ने एचआइवी एड्स को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन लाल खीचड़ ने कहा कि एड्स के नियंत्रण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 3-8-24 | 4 | 6-8 |

## लाइलाज एड्स बीमारी का जागरूकता ही इलाज : प्रो. कांबोज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि एड्स के खिलाफ स्वयं को जागरूक होने के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। एड्स लाइलाज बीमारी है और जागरूकता ही इसका इलाज है।

विश्व में लगभग चार करोड़ व भारत में 25 लाख से अधिक लोग एचआईवी से संक्रमित है। हरियाणा में 56 हजार से अधिक लोग एचआईवी पीड़ित हैं।

### एचएयू में एड्स नियंत्रण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

वे शुक्रवार को एचएयू में एड्स नियंत्रण के लिए आयोजित एक दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. कांबोज ने बताया कि देश को वर्ष 2030 तक एचआईवी एड्स से मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि एनएसएस लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष भूमिका निभा रहा है। हरियाणा राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी की उप निदेशक डॉ. उजिता बाल्यान ने जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एड्स की जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सिविल हस्पताल में समुचित प्रबंधन किए गए हैं। संवाद